# 1पहला दिन
# st Day

## पहला अभियान ( 1st Expedition )

**आइये, पहला दिन अभिवादन से शुरू करें। भारत में सभी अवसरों पर 'नमस्ते' या 'नमस्कार' कहकर अभिवादन किया जाता है। मुसलमान, 'अस्सलामालेकुम' तथा सिख आपस में मिलने पर 'सत श्री अकाल' कहते हैं। पर अंग्रेज़ी में ऐसा नहीं है। इसमें दिन के अलग-अलग समय पर अलग-अलग शब्दों द्वारा अभिवादन करने का चलन है।**

## बोलचाल में अभिवादन के वाक्य

### अपने से बड़ों, रिश्तेदारों व पद में ऊंचे अधिकारियों के साथ
### उषाकाल से लेकर दोपहर बारह बजे तक

1. नमस्ते, दादाजी! — **Good morning,** Grandpa! गुड मॉर्निंग, ग्रैंडपा!
2. नमस्ते, पिताजी! — Good morning, Dad! गुड मॉर्निंग, डैड!
3. नमस्ते, सर! — Good morning, Sir! गुड मॉर्निंग, सर!

### दोपहर बारह बजे से शाम पांच बजे तक

4. नमस्ते, दादीजी! — **Good afternoon,** Grandma! गुड आफ़्टरनून, ग्रैंडमां!
5. नमस्ते, माताजी! — Good afternoon, Mummy! गुड आफ़्टरनून, मम्मी!
6. नमस्ते, बेटी! — Good afternoon, dear! गुड आफ़्टरनून, डियर!

### सायं पांच बजे के बाद

7. नमस्ते, चाचाजी! — **Good evening,** Uncle! गुड ईवनिंग, अंकल!
8. नमस्ते, चाचीजी! — Good evening, Auntie! गुड ईवनिंग, आन्टी!
9. नमस्ते, बेटे! — Good evening, dear! गुड ईवनिंग, डियर!

### रात को विदाई के समय

10. शुभ रात्रि! — **Good night!** गुड नाइट!
Sweet dreams, darling! स्वीट ड्रीम्ज़, डार्लिंग!

**दिन में किसी समय**

11. अच्छा सर, चलते हैं! — **Good day** to you, Sir! गुड डे टु यू, सर!

**भेंट के समय**

12. आपसे मिलकर बहुत खुशी हुई! — Pleased to meet you! प्लीज़्ड टु मीट यू!

**किसी भी समय ( Informal greetings ) अपने मित्रों व बराबरी के लोगों के साथ**

1. हाय सिमी! — **Hi** Simi! हाइ सिमी!
2. हाय अंकुर! — Hi Ankur! हाइ अंकुर!
3. हलो अंकल! — **Hello** Uncle! हलो अंकल!
4. हलो निशि! — Hello Nishi! हलो निशि!
5. हलो कुश! — Hello Kush! हलो कुश!
6. हलो मिसिज़ मेहरा! — Hello Mrs. Mehra! हलो मिसिज़ मेहरा!

**Note :** यदि संबंध बेतकल्लुफ़ी का हो तो 'हलो' और 'हाइ' का प्रयोग अपने से बड़ों के साथ भी किया जा सकता है।

**विदाई के समय**

1. अच्छा चलते हैं, बच्चो! — Goodbye, children! गुडबाइ, चिल्ड्रन!
2. अच्छा ! — **Bye, bye!** बाइ-बाइ!
3. चलते हैं, प्रिय! — Farewell, dear! फ़ेयरवेल, डियर!
4. अच्छा, फिर मिलेंगे! — Bye, see you/so long! बाइ, सी यू./सो लौंग!

## याद रखें ( Remember )

### हिन्दी और अंग्रेज़ी में सम्बोधन का अंतर

**A**

**अंग्रेज़ी में**

1. Grandfather को संक्षेप में Grandpa कहते हैं।
2. Father के लिए Dad या Daddy शब्दों का भी प्रयोग किया जाता है।
3. Grandmother को संक्षेप में Grandma कहते हैं।
4. Mother के लिए Mom या Mummy शब्द का भी प्रयोग किया जाता है।

**B**

**अंग्रेज़ी में**

1 . चाचा, ताया, मामा, मौसा, फूफा — सभी को अंकल ( Uncle ) कहा जाता है।
2 . चाची, ताई, मामी, मौसी, बूआ — सभी को आंट या आंटी ( Aunt, Aunty or Auntie ) कहा जाता है।
3 . किसी भी पुरुष के लिए आदरसूचरक शब्द 'सर' ( Sir ) का प्रयोग किया जाता है।

4 . किसी भी महिला के लिए आदरसूचक शब्द 'मैडम' ( Madam ) का प्रयोग किया जाता है।
5 . चचेरे, ममेरे, मौसेर या फुफेरे भाई या बहिन, किसी के लिए भी केवल 'कज़न' ( Cousin )शब्द प्रयोग में आता है, कज़न ब्रदर या कज़न सिस्टर ( Cousin Brother/Cousin Sister ) नहीं।
6 . विवाहित महिला के नाम या उपनाम से पहले मिसेज़ ( Mrs ) तथा अविवाहित महिला के लिए मिस ( Miss ) का प्रयोग किया जाता है। मिस ( Ms ) का प्रयोग अविवाहित या विवाहित किसी भी स्त्री के नाम या उपनाम से पहले किया जा सकता है।